Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 25-05-2022 | अंक 235

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## सर्विस रोड में लगी दुकानें और सड़क पर खड़े वाहनों से हो रहा राहगीरों को आने जाने में हो रही परेशानी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही सर्विस रोड में लगी गाड़ियां

बरही हजारीबाग रोड में राहगीरों को आने जाने के लिए सर्विस रोड बनाया गया है। जिससे लोगो को आने जाने में परेशानी न हो। लेकिन सर्विस रोड के किनारे दुकान खोल कर समान रखकर इसकी बिक्री शुरू कर दी है। बाजारों में खरीदारों से सड़के जाम हो रही है। रोड के दोनो और पर खड़े वाहनों से आवागमन में बाधित होता है। जिससे वाहन चालक एवं राहगीरों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जिसके चलते आए दिन छूट पुट घटनाएं घटित हो रही है। यहां बता दे की मार्केट परिसर के सड़को पर बड़े पैमाने पर भीड़ देखी जा रहीं है। वही सामान खरीदारी कर रहे ग्राहक रोड के दोनो और वाहनों को खड़ा कर यातायात को बाधित करते नजर आ रहे है। वहीं बरही प्रशासन ने व्यवस्था और भीड़ को संभालने के लिए खास बंदोबस्त नही किए है। जिससे आए दिन रास्तों पर जाम लगा रहता है।

## जब शौचालय बंद रखना ही था तो बनाए ही क्यों

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड सह अंचल कार्यालय के बाहर बड़े ही ताम झाम से लाखो के लागत से महिला एवं पुरुष के लिए शौचालय का निर्माण कराया गया था। शौचालय निर्माण कराने का उद्देश्य था की खुले में शौच मुक्त करना और दूर दराज गांव से आए ग्रामीणों को कोई परेशानी न हो। लेकिन दुर्भाग्य की बात है दो वर्ष पूर्व शौचालय बनकर तेवर है लेकिन आज तक इसे चालू नही करवाया जा सका है। वहीं इस संदर्भ में आज से छह माह पूर्व बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो से जब बंद पड़े शौचालय के बारे में पूछा गया था तब उन्होंने कहा था की इसे बहुत जल्द चालू करवा दिया जाएगा, लेकिन अभी तक चालू नही करवाया गया है। जिसके कारण ग्रामीण खुले में शौच करने के लिए मजबूर है। वहीं बरही प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार से जब इस विषय में पूछा गया तो उन्होंने बताया की आज तक मुझे इस खराब पड़े शौचालय का जानकारी नहीं थी। साथ ही उन्होंने कहा की मैं जल्द ही प्रयास करूंगी की इस शौचालय को चालू कराया जाए

## 30 मवेशी से लदा चार पिकअप जब्त, तीन पशु तस्कर धराए , भेजे गए जेल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




गुप्त सूचना के आधार पर धोबियाडीह रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने स्थित एक होटल के पास खड़ी चार पिकअप वैन को जब्त किया गया। जब्त किए गए पिकअप वैन से 30 मवेशी को बरामद किया गया। उक्त कार्रवाई मंगलवार देर रात पुनि सह थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। मौके पर से तीन गौ तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार गौ तस्करों में काशीनाथ यादव, दिलीप कुमार कुमार यादव बक्सर एवं मुकेश कुमार यादव भोजपुर, शामिल है। चुकी एक पिकप वाहन में दो से ज्यादा दुधारू पशु को ले जाया जा सकता है। लेकिन एक एक पिकप वाहन में छह से अधिक मवेशी को ठुश कर ले जाया जा रज था। इसलिए उक्त सभी लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया। हालांकि हिरासत में लिए गए अभियुक्तों ने बताया की हम सब बक्सर से धनबाद दुधारू पशु ले जा रहे थे। हमलोग गौ तस्करी नही करते हैं। दुधारू पशुओं का बिजनेस करते हैं। हालांकि क्षमता से अधिक मवेशी लोड कर ले जाने के मामले में अपनी गलती स्वीकार की । बरामद किए गए पशुओं को गोशाला भेज दिया गया।

APEM LIVE

## पंडित महिंद्रा चार पहिया वाहन शोरूम का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन

### महिंद्रा शोरूम खुलने से स्थानीय लोगों को होगी सहूलियत : मनोज यादव






**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

पंचमाधव में बुधवार को पंडित ऑटो मोबाइल परिसर में ही पंडित महिंद्रा चार पहिया वाहन का शोरूम खुला। शोरूम का उद्घाटन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जीप सदस्य किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, प्रजापति समाज के गोपाल पंडित, देवधारी प्रजापति, नारायण पंडित, संतोष प्रजापति एवं शोरूम का संचालक पूरन पंडित ने नारियल फोड़कर एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने सेल्स एवं सर्विस का मुआ. वना किया और बरही के लिए बेहतर कदम बताया। उन्होंने कहा कि महिंद्रा कंपनी का शो रूम एवं सर्विस सेंटर खुलने से बरही, बरकठ्ठा सहित आस पास के इलाकों के ग्राहकों को काफी सहूलियत होगी। अब सर्विस के लिए हज़ारीबाग़ या रांची नही जाना पड़ेगा। साथ ही महिंद्रा कंपनी की गाड़ियों की खरीद के लिए अब पंचमाधव से ही उपलब्ध हो जाएगा। संचालक पूरन पंडित ने कहा कि उनके यहाँ सेल्स एवं सर्विस की सुविधा प्रदान की जाएगी। किसी भी ग्राहक को कोई दिक्कत नही होगी। यहां यात्री एवं मालवाहक वाहन भी उपलब्ध रहेगा। मौके पर मनोज पंडित, सिकन्दर पंडित, मुखिया मनोज कुमार, रितेश गुप्ता, नागेन्द्र रजक, पिंटू यादव, कैलाश केशरी, पवन केशरी,प्रसादी गोप,नवीन यादव, देवधारी प्रजापति, गोपाल पंडित , गयूर अली सहित सैकड़ो लोग मौजूद थे।

## आज़ादी के सात दशक बाद भी नही बनी फुटानी चौक दौरवा से जवातरी की पक्की सड़क, बरसात में पैदल चलना हो जाता है दूभर

### नव निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों से बढ़ी उम्मीदें, प्रतिनिधियों की सार्थक पहल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




खोड़ाहर पंचायत में दर्जनों ऐसे गांव हैं जिन्हें आज़ादी के सात दशक बीत जाने के बाद भी पक्की सड़क से नही जोड़ा जा सका है । इनमे एक सड़क है फुटानी चौक दौरवा से आदिवासी बहुल जावातरी तक की। इस रोड की स्थिति बरसात में इतनी खराब हो जाती है कि लोगों को पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीणों की माने तो विधायक से लेकर विभाग तक सभी केवल आश्वासन ही देते रह गए। लेकिन पक्की सड़क बनाने के प्रति कोई गंभीर नही दिखे। सड़क नही बन पाने के कारण फिलहाल हुई बारिश से सड़क कीचडनुमा हो गया है। जगह जगह गढ्ढे हो गए हैं। जिसके वजह से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लेकिन इधर हुए पंचायत चुनाव में निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों से ग्रामीणों की उम्मीदें बढ़ी है। पंचायत प्रतिनिधि भी इस सड़क निर्माण के प्रति गंभीर दिख रहे हैं। मुखिया अनिता देवी एवं पूर्व मुखिया खिरोधर यादव ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया है कि इस बार हर हालत में फुटानी चौक दौरवा से जावातरी तक की जर्जर सड़क की पक. कीकरण कराई जाएगी। चूंकि सड़क की लंबाई अधिक है। इस वजह से राज्य संपोषित योजना से इस सड़क की पक. कीकरण कराने का प्रयास किया जाएगा। नव निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य मनोज रजक ने कहा कि खोड़ाहर पंचायत कई ऐसे टोले एवं गांव है जहाँ पक्की सड़क नही बनाई जा सकी है। लेकिन अब हम सब मिलकर ग्रामीण टोले मुहल्लों को भी पक्की सड़क से जोड़ने का काम करेंगे। दौरवा जावातरी सड़क को प्राथमिकता में पक्की करन का प्रयास किया जाएगा। ग्रामीण अरुण प्रजापति, फूलचंद सिंह, बालेश्वर सिंह, बाली सिंह, देवकी सिंह, मितलाल सिंह, अर्जुन प्रजापति, लोकन प्रजापति, अर्जुन रजक, परमेश्वर रजक, विजय पंडित, रूपलाल सिंह, महावीर ठाकुर, बद्री उरांव, किशोर उरांव, मनोज उरांव, अरुण प्रजापति, नरेश प्रजापति, सोमर उरांव, बया उरांव, मनागलचन्द उरांव, बोधन उरांव, संतोष ठाकुर, अनिल सिंह, दर्शन सिंह , बंधन सिंह, चीतों सिंह, शिव नारायण सिंह, प्रेम सिंह, डेगलाल सिंह , केवल सिंह ने पक्कीकरण सड़क निर्माण की मांग की है

## बरही चौक एवं उसके आस पास लगा गंदगी का अंबार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही चौक, बाजार वा उसके आस पास गंदगी का आलम है। थोड़ी सी बारिश होते ही कचरो के कारण शहर का नारकीय हाल हो जाता है। यहां की गंदगी सरकार की स्वच्छता अभियान का मुंह चिढ़ा रहीं है। बरही चौक हो या धनबाद रोड, गया रोड, हजारीबाग रोड या तिलैया रोड सभी तरफ कचड़ा पसरा हुआ है। अग्रवाल गली की बात की जाए तो अग्रवाल गली को कचड़ा डंप करने का डंपिंग प्वाइंट बना दिया गया है। बरही चौक एवं उसके आस पास गंदगी फैलने का मुख्य कारण यह है की कचड़ा फेंकने के लिए अभी तक समुचित व्यवस्था नहीं किया गया है जिसके कारण लोग कचड़ा इधर उधर फेंक देते है।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## ग्रामीणों ने ड्राइवर को पीटा पुलिस ने रोका

### नेतृत्व कर रहे जीप उम्मीदवार शत्रुधन मंडल को लिया हिरासत में





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरकट्ठा : गोरहर थाना क्षेत्र के गोरहर मा तारा होटल के पास ड्राइवर का मॉब लिंचिंग की घटना पुलिस की सक्रियता के कारण होने से बच गया। इस बाबत गोरहर के ग्रामीणों ने बताया कि अटका गांव के दर्जनों लोग मजमा लगाकर गोरहर के पास जीटी रोड में पलटा कंटेनर ट्रक नम्बर युपी 78 सीटी 6361 के चालक शैलेन्द्र कुमार पिता अनिल कुमार लखीमपुर यूपी को बुरी तरह मारपीट कर रहे थे। गांव वालों ने बचाने का प्रयास किया तो वे लोग उन्हें भी मारपीट करने लगे। सूचना मिलने पर गोरहर थाना के एएसआई रविन्द्र कुमार अपने चालक के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और ट्रक चालक को बचाने का प्रयास किया। परन्तु उक्त भीड़ ने एएसआई रविन्द्र कुमार एवं चालक पर भी हमला बोल दिया। एएसआई रविन्द्र कुमार ने इसकी सूचना थाना प्रभारी राधा कुमारी को दी। राधा कुमारी विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में चल रहे पंचायत चुनाव में ड्यूटी पर तैनात थी। सूचना मिलने पर राधा कुमारी ने घटनास्थल पर पहुंच कर लोगों एएसआई एवं ट्रक चालक को बचाने का प्रयास किया तो भीड़ ने उनके साथ भी धक्का मुक्की व अभद्रता किया सूचना मिलने पर बरकट्ठा थाना प्रभारी विक्रम कुमार भी घटना स्थल पर पहुंचे और भीड़ का नेतृत्व कर रहे शत्रुधन मंडल पिता स्व महादेव महतो को हिरासत में लेकर गोरहर थाना लाए। जिसके बाद अटका के ग्रामीणों ने जीटी रोड पर शत्रुघ्न मंडल को छोड़ने की मांग करने लगे। मारपीट में गोरहर थाना प्रभारी राधा कुमारी 35 वर्ष पति मंजीत कुमार, एएसआई रविन्द्र कुमार सिंह 52 वर्ष पिता गणेश सिंह, पुलिस जवान अनील कुमार यादव 36 वर्ष पिता बुलाकी यादव, बिरेन्द्र कुमार 38 वर्ष पिता प्रेम रमंत, धमेन्द्र कुमार यादव 32 वर्ष पिता राजदेव यादव तथा ट्रक चालक ग्राम लखीमपुर उत्तरप्रदेश निवासी शैलेन्द्र कुमार 29 वर्ष पिता अनील कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज बरकट्ठा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। चालक शैलेन्द्र को बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल हजारीबाग भेजा।

वहीं ग्राम अटका के ग्रामीणों ने बताया कि यह ट्रक के हवा के झोंके से गीरकर सुनील कुमार 27 साल पिता जलेबी साव ग्राम अटका निवासी घायल हो गया। जिसे दुर्घटना समझ भाग रहे ट्रक को पकड़ने के लिए हमलोग गाड़ी का पिछा कर रहे थे। गाड़ी भागने के दौरान गोरहर गांव में जीटी रोड पर पलट गई। जिसके बाद ट्रक चालक के साथ मारपीट की गई।

इस बाबत थाना प्रभारी राधा कुमारी ने बताया कि शत्रुधन मंडल के नेतृत्व में दर्जनों लोग ट्रक चालक, हमारे एएसआई एवं थाना के गाड़ी चालक के साथ मॉब लिंचिंग करने का काम कर रही थी। जिसे रोकने पर मेरे साथ एवं मेरे सिपाहियों के साथ भी धक्का मुक्की किया गया। जिसके बाद इस भीड़ का नेतृत्व कर रहे शत्रुधन मंडल को हिरासत में लिया गया है। भीड़ में शामिल लोगों को चिन्हित कर गोरहर थाना में मामले में 11 नामजद व 40-50 लोग अज्ञात लोगों के विरुद्ध कांड संख्या 119/22 दर्ज किया गया है ज्ञात हो घटना का आरोपी शत्रुघ्न मंडल बगोदर प0 28 जिला परिषद का प्रत्याशी भी है ।

## बरहीडीह आहार का होगा जीर्णोधार, जलकुम्भी व गन्दा पानी निकालने का कार्य शुरू

### अशोक सिंह ने किया था पत्राचार, जिला मत्स्य पदाधिकारी से मिली स्वीकृति


गन्दा पानी एवं जलकुम्भी निकालवाते अशोक सिंह एवं अन्य

बरही पश्चिमी पंचायत के बरहीडीह आहार के खाता संख्या 750 प्लॉट संख्या 1995, 799 रकबा 4. 89 एकड़ का जीर्णोद्धार की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जीर्णोद्धार का कार्य बंदोबस्ती धारक एवं मुखिया प्रत्याशी रहे अशोक कुमार सिंह के द्वारा किया जा रहा है। गौरतलब हो कि बरही डीह आहार में जमा पानी मे गन्दगी का भरमार है। पूरे जलाशय में जल. कुम्भी फैल गया है। पानी दूषित हो गया है। जिसके कारण आहार का अस्तित्व भी खतरे में आ गया था। जिसको देखते हुए बंदोबस्तधारक एवं मुखिया प्रत्याशी रहे अशोक कुमार सिंह ने आहार की साफ सफाई को को लेकर जिला मत्स्य पदाधिकारी को पत्राचार किया था। जिसके आलोक में जिला मत्स्य पदाधिकारी ने भू संरक्षण पदाधिकारी को साफ सफाई एवं जीर्णोधार को लेकर निर्देशित किया था। अशोक कुमार सिंह के द्वारा किए गए पत्राचार एवं जिला मत्स्य पदा. धिकारी से स्वीकृति मिलने के बाद बुधवार को पंप लगाकर गन्दा पानी निकालने का कार्य शुरू किया गया। अशोक कुमार सिंह ने बताया कि बरहीडीह आहार को साफ एवं सुंदर बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है। गंदा पानी निकलने के बाद साफ सफाई का भी कार्य किया जाएगा। मौके पर अशोक सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी रहे कपिल प्रसाद केशरी, माइकल सिंह, पवन सिंह, सुंदरी निषाद सहित कई लोग मौजूद थे।

## महिला किरोसीन छिड़ककर लगाई आग, गंभीर रूप से घायल

**अपेम लाइवः चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा :- प्रखंड के ग्राम अलगडीहा में श्रुति देवी पति अभिमन्यु रजक उम्र लगभग 23 वर्ष किरोसीन तेल छिड़क कर आग लगा ली जिससे जल कर गंभीर रूप से घायल हो गई ।. घटना दिन के करीब 3:00 बजे घटी.जिसके बाद चलकुशा प्रखंड में एंबुलेंस के लिए फोन किया गया। लेकिन एंबुलेंस खराब रहने की सूचना दी गई। एंबुलेंस खराब रहने के कारण पिडीता को एक घंटा वाहन का इंतजार करना पड़ा। घटना की सूचना ग्रामीणों के द्वारा चलकुशा थाना प्रभारी धनंजय सिंह को दिया गया। थाना प्रभारी अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर महिला को इलाज के लिए प्राइवेट वाहन उपलब्ध करा कर कोडरमा सदर अस्पताल भेजा गया ।

## चुनाव के बाद जीत-हार के आकलन में जुटे प्रत्याशी

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

गांव की सरकार बनाने को लेकर विष्णुगढ़ में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव बीते 24 मई को समाप्त हो गया। विष्णुगढ़ के 24 पंचायतों में 200 मुखिया प्रत्याशी गांव का ताज पहनने के लिए किस्मत आजमाने चुनावी समर में उतरे थे। मतदाताओं ने उनके किस्मत को अब मतपेटी में कैद कर दिया है। 31 मई को मतगणना के दिन उनके किस्मत का पिटारा खुलेगा। चुनाव समाप्त होते हीं अब प्रत्याशी, उनके समर्थक तथा ग्रामीण मिले संभावित मतों के जोड़ घटाव में जुटे हैं। विभिन्न वार्डो एवं टोलों से मिल रहे चुनावी रूझानों को लेकर चौक-चौराहों में चर्चा का बाजार गर्म है। समर्थक एवं आम जनता किसी के जीतने तो किसी के हारने की बात कह रहे हैं। किसी-किसी पंचायत में तो प्रत्याशियों के बीच कांटे की टक्कर होने से चुनावी रूझान स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। ऐसे में प्रत्याशी एवं उनके समर्थक असमंजस में हैं। अब 31 मई को किस्मत आजमा रहे मुखिया प्रत्याशी, जिला परिषद प्रत्याशी, पंचायत समिति सदस्य प्रत्याशी एवं ग्राम पंचायत सदस्य प्रत्याशियों का भाग्योदय होगा। बता दें कि विष्णुगढ़ प्रखंड में 24 पंचायतों में 200 मुखिया प्रत्याशी, जिला परिषद की तीन सीटों के विरूद्ध 23 प्रत्याशी चुनावी समर में कूदे थे। जिला परिषद और पंचायत समिति के प्रत्याशी बूथ दर बूथ वोटों का हिसाब कर अपने पक्ष का आकलन कर रहे हैं। प्रखंड में 68. 06 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिसमें पुरुष वोटरों की भागीदारी 59.21 जबकि महिला वोटरों की भागीदारी 77.55 प्रतिशत रही। प्रखंड में कुल 1,13,648 वोटरों में 77,344 वोटरों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान में 34,840 पुरुष तथा 42,504 महिलाएं भागीदार बनी हैं।

## ऑटो रिक्शा पलटने से नबालिक का मौत

### चाचा के साथ जा रहा था ऑटो से जलवान की लकड़ी पहुंचने रास्ते में हुआ दर्दनाक घटना

**अपेम लाइवः प्रतापपुर**
**कुमार चंदन**



प्रखंड क्षेत्र के बभने पंचायत के बधार गाँव के रहने वाले नबालिक सादाम अंसारीकी मौत हो गई वहीँ मृतक के परि. जनों को रो रो कर बुरा हाल हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पता चला कि सोमवार को सादाम अपने चाचा कैलू मिंया के साथ जलवान की लकड़ी पहुंचने के लिए थाना क्षेत्र के टन्डवा गांव जा रहा था। वापस घर लौटने के क्रम में अचानक रास्ते में ऑटो पलट जाने से नबालिक अ०टो के चक्के के नीचे जा गिरा व उसका सर फट गया आनन फानन में लोग नबालिक को प्रतापपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर आया जहाँ चिकित्सकों के इलाज के दौरान बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल गया ले कर जाया गया जहाँ ड०क्टरों ने नबालिक को मृत घोषित कर दिया। अभी तक अ०टो चालक व अ०टो का कोई अता पता नही है। व इधर परिजनों रो रो कर बुरा हाल है

## वॉलंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन ने लगाया दो दिवसीय रक्तदान शिविर

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



वॉलंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन द्वारा शेख भिखारी मेडिकल क०लेज में रक्त की कमी से पीड़ित एवं थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया ।रक्तदान का शुभारंभ तारकेश्वर प्रसाद द्वारा किया गया तत्पश्चात टिंकू विश्वकर्मा, अमित कुमार, नागेश्वर राणा ,पारस कुमार, मोहन कुमार , दिनेश्वर तुरी, आनंद वर्मा, जयप्रकाश मंडल, सिद्धार्थ सिंह, संजय कुमार, दीनदयाल ठाकुर, सुशील कुमार, प्रमोद कुमार, अजय कुमार , संतोष कुमार, रितेश कुमार, सफीक खान, दिनेश दास, संदीप नाग , दिनेश दास, वीरेंद्र कुमार, शंभू सिंह, रो. हित रंजन, साजिद मलिक, चंदन कुमार, दिनेश भारती आदी 27 लोगों ने भीषण गर्मी मे रक्तदान कर मानवता का परिचय दिया । रक्तदान के पश्चात वॉलंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन द्वारा समस्त रक्त दाताओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए , सम्मान किया गया एवं लोगों से अपील की कि वे रक्तदान शिविर लगाकर तथा अपने मांगलिक दिनों में रक्तदान कर मानवता का परिचय दें । रक्तदान शिविर को सफल बनाने में व०लंटरी ब्लड डोनर एसोसिएशन के अध्यक्ष निर्मल जैन, महासचिव विनीत छाबड़ा प्रचार सचिव गौरव यादव समेत सभी सदस्यों एवं मेडिकल क०लेज के टेक्नीशियन आर खेरी, मोकिंम अख्तर, मुरली प्रजा. पति, उदय कुमार और निहाल राज का विशेष सहयोग रहा।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी

## महिला ने अपने पति पर लगाया मारपीट का आरोप, बरही महिला थाना में दिया आवेदन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत धनवार पंचायत के कोरियाडीह निवासी लक्ष्मी कुमारी ने अपने पति रंजीत कुमार पर मारपीट का आरोप लगाते हुए बरही महिला थाना में आवेदन दिया। साथ ही उन्होंने कहा की मेरे पति रंजीत कुमार शराब पीकर हमेशा मेरे साथ मारपीट करते है, इसी क्रम में कहा की मंगलवार रात लगभग 8 बजे मेरे पति घर आया और मेरे साथ मारपीट करने लगा और मुझे घर से बाहर निकल दिया। साथ ही साथ उन्होंने बरही महिला थाना प्रभारी से कहा की मुझे न्याय दिलाने की कृपा करे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## 30 वर्षो के राजनीतिक अनुभव का लाभ लेने उप प्रमुख के रेस में आगे आये जनार्दन सिंह

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



पंचायत चुनाव सम्पन्न होने के बाद अब प्रखण्ड प्रमुख व उप प्रमुख की बारी है। उप प्रमुख बनने के लिए कई दावेदारों ने दावेदारी पेश कर निर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों से मिलकर समर्थन माँग रहे है। इसी कड़ी में मानगढ़ पंचायत से निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य जनार्दन सिंह ने भी उपप्रमुख के लिए दावेदारी पेश कर निर्वाचित समिति सदस्यों से सहयोग माँगा। श्री सिंह ने कहा कि मैं पिछले 30 वर्षों से रा. जनीति जीवन मे सक्रिय रहकर जनता सेवा कर रहा हूँ। कहा हमारे राजनीति भागीदारी का परिणाम है कि मानगढ़ की जनता ने मुझे समिति सदस्य के रूप में निर्वाचित कर पंचायत के विकास की जवाबदेही सौंपा। कहा अगर निर्वाचित समिति सदस्यों से आर्शीवाद मिला तो उपप्रमुख बनकर क्षेत्र के विकास में अहम भूमिका निभाउंगा। कहा पंचायतो से सामंजस्य बैठाकर विकास कार्यो को धरातल पर उतारने में अपनी भागीदारी निभाउंगा। श्री सिह ने कहा कि फिलहाल निर्वाचित समिति सदस्यों से मिलकर समर्थन माँग रहा हूँ।

## पिहरा पूर्वी पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया ऐसा प्रवीन ने जीत की खुशी में निकाला विजय जुलूस

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखंड अंतर्गत पिहरा पूर्वी पंचायत के नवनिर्वाचित मुखिया ऐसा प्रवीन पति मो0 सबदर अली ने जीत की खुशी में विजय जुलूस निकाला। इस दौरान उन्होंने अपने समर्थकों के गांव हर गली मोहल्ले में डोर टू डोर जाकर बड़े बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त की एवं जनता का आभार व्यक्त किया। वही पिहरा पूर्वी की जनता में भारी उत्साह देखने को मिला। मौके पर नवनिर्वाचित मुखिया ऐसा प्रवीन ने पिहरा पूर्वी पंचायत के सभी जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों ने हमें इस लायक समझकर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मुखिया पद से जिताया है इसलिए मैं अपने 5 साल के कार्यकाल में पंचायत का सर्वांगीण विकास करने का प्रयास करूंगी और अधूरे कार्यों को पूरा करने का प्रयास करूंगी। जनता की सारी समस्याओं का समाधान आम सभा लगाकर करूंगी और अपने पंचायत की जनता का हर सुख दुख में साथ खड़ी रहूंगी। अगर जनता ने हमें दिल से चाहा है तो उनके भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी। मौके पर सैंकड़ों ग्रामीण एवं उनके समर्थक मौजूद थे।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022का तृतीय चरण का चुनाव संपन्न

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**




गिरिडीह जिला अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2022के तहत तृतीय चरण का चुनाव छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक सम्पन्न हो गया। तृतीय चरण का मतदान गिरिडीह जिला के धनवार, बिरनी और सरिया प्रखंड में चाक चौबंद व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। धनवार प्रखंड में 72.29:, बिरनी प्रखंड में 74.13:और सरिया प्रखंड में 71.99:मतदान हुई। तीनो प्रखण्डो में औसतन 72.79:मतदान हुई। कहीं कही छिटपुट घटनाओं को छोड़कर शांतिपूर्वक मतदान कार्य संपन्न हो गया। देर शाम तक बैलेट बॉक्स को मतदान कर्मी कृषि उत्पादन बाजार समिती बिशुनपुर पचम्बा गिरिडीह में जमा करने के लिए पहुंचे। मतदान कर्मियों ने कतारबद्ध होकर वज्र गृह में मतपेटिका को जमा करवाया। आज द्वितीय चरण में हुए मतदान का मतगणना चलने के कारण कुछ देर इंतजार करना पड़ा। मतदान केंद्रों पर जिला प्रशासन ने चाक चौबंद व्यवस्था का इंतजाम किए हुए था और मतगणना स्थल पर भी चाक चौबंद व्यवस्था थी।

## भरही गांव में ताड़ के पेंड़ से ताडी उतारने के दौरान गिरने से पासी की मौत

**अपेम लाइव : प्रतापपुर**
**कुमार चंदन**



प्रतापपुर : ताडी उतारने के दौरान ताड के पेड से गिरकर एक पासी की मौत हो गई है। ताडी उतारने के लिए पेड पर चढे एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत होने से गांव मे अफरातफरी मच हो गई। सभी ओर कोहराम मच गया। यह घटना प्रतापपुर थाना क्षेत्र के भरही गांव की है। मृतक भरही गांव निवासी प्रीत पासी के 50 वर्षीय पुत्र मोहन पासी का बताया जाता है। ताड के पेड से गिरने की घटना मंगलवार देर शाम की है।मोहन पासी के पेड से गिरने पर ग्रामीणो ने तुरन्त घायलावस्था मे रानीगंज मे भर्ती किया। घायल को बेहतर ईलाज कराया जा रहा था , लेकिन रात्रि के लगभग 10 से 10:30 बजे ईलाज के दौरान घायल मोहन पासी की मौत हो गई। मोहन पासी की मौत की खबर सुनकर पुरे गांव मे मातम फैल गया तथा परिजनो को गमो का एक पहाड टूटने के बराबर झटका लगा। कई उनके परिजन लोग गमो के छाया मे डूब गये। मोहन पासी की मौत से गांव सहित आस पास के कई गांव के लोगो ने शोक जाहिर किया है। बता दे कि मोहन पासी घर का कमाऊ व्यक्ति था।तथा अपने कई परिवारो का लालन पालन करने के साथ बच्चो के पढाई व लिखाई का काम वह ताड के पेड से ताडी उतारकर छोटा सा व्यवसाय करता था। वह अपने पिछे पांच बेटा,दो बेटी व एक पत्नी को छोड कर चल वसा

## द्वितीय चरण के मतगणना कार्य चाक चौबंद व्यवस्था के अन्तर्गत संपन्न

**अपेम लाइव : गीरिडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह जिला अंतर्गत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में पड़े मतदान की मतगणना आज मंगलवार को जारी रही। गिरिडीह जिला प्रशासन ने मतगणना स्थल पर और तृतीय चरण के मतदान केंद्रों पर चाक चौबंद व्यवस्था की पुख्ता इंतजाम किया था।। आज बेंगाबाद प्रखंड, देवरी प्रचंड की मतगणना चल रही थी। बेंगाबाद प्रखंड के करणपुरा पंचायत के मुखिया पद पर राजेन्द्र वर्मा और पंचायत समिति सदस्य पद पर देवकीनंदन यादव, मानजोरी पंचायत से मुखिया पद पर राजेश कुमार और पंचायत समिति सदस्य पद पर मीना देवी, अनुपम देवी और संगीता देवी, बेंगाबाद पंचायत से मुखिया पद पर प्रभा सिंह और पंचायत समिति सदस्य पद पर मनिरुद्दीन अंसारी, फिटक. ोरिया पंचायत से मुखिया पद पर तरन्नुम परवीन, ताराजोरी पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद पर दिनेश मरांडी और निर्मल टुड्डू, चपुआडीह पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद पर मीना देवी और मकसूद अंसारी, जरुआडीह पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद पर नीलम यादव, झलसकडीह पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद पर उषा सोरेन पद पर जीत दर्ज किया। देवरी प्रखंड में सिकरुडीह पंचायत से मुखिया पद पर फुलमंती देवी और पंचायत समिति सदस्य पद पर विमला देवी, घोसे पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद पर अनुपमा देवी, नेकपुरा पंचायत से मुखिया पद पर अहिल्या देवी, अस्को पंचायत से मुखिया पद पर लक्ष्मी देवी, चतरो पंचायत से मुखिया पद पर अयोध्या हाजरा, चाहल पंचायत से मुखिया पद पर समसुमिया खातून, हरियाडीह पंचायत से मुखिया पद पर बाबू सिंह, बेडोडीह पंचायत से मुखिया पद पर लाला अशोक कुमार, जमडीहा पंचायत से मुखिया पद पर अनीता वर्मा, घोसे पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद अनुपमा देवी, जमडिहा पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद पर लाझो हाजरा, नेकपूरा पंचायत से पंचायत समिति सदस्य पद पर रिया कुमारी, असको पञ्चायत से पंचायत समिति सदस्य पद पर ममता कुमारी ने जीत दर्ज किया। देवरी प्रखंड के भाग संख्या 06से जिला परिषद सदस्य पद पर उस्मान अंसारी ने जीत दर्ज किया। तीसरी प्रखंड के भाग संख्या 04से जिला परिषद सदस्य पद पर रामकुमार राउत ने जीत दर्ज किया। देवरी प्रखंड के भाग संख्या 07से जिला परिषद सदस्य पद पर विनय कुमार सिंह ने जीत दर्ज किया।

## शंकर दयाल यादव हत्या के आरोपियों को आजीवन कारावास

**अपेम लाइव : प्रतापपुर**
**कुमार चंदन**

प्रतापपुर : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री राकेश कुमार सिंह कि अदालत ने दो आरोपियों को हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला प्रतापपुर थाना कांड संख्या 101 / 2017 का है जिसमें सूचक सुमन देवी ने अपने पति शंकर दयाल यादव की हत्या के संबंध में दिनांक 19 / 10 / 2017 की रात 10:30 बजे अभियुक्त राजू सिंह और मुकेश कुमार यादव सूचक के पति शंकर दयाल यादव को जबरदती आर्केस्ट्रा देखने जाने के लिए ग्राम सिदकी ले गए और ग्राम सिदकी के कुएं में हत्या कर लाश को डाल दिया और रात में ही करीब 3रू00 बजे मृतक के भाई के मोबाइल पर खबर आती है कि आपके भाई कुआं में गिर गए हैं।तब सभी परिवार आनन-फानन में रोते हुए घटनास्थल पर पहुंचे तो देखें कि कुआं में मृतक शंकर दयाल यादव मृत पड़े हुए हैं। सूचक ने यह भी आरोप लगाया कि उक्त दोनों व्यक्ति ग्राम प्रतापपुर के रहने वाले हैं और दोनों व्यक्ति मेरे पति के साथ ठेकेदारी का काम करते थे। राजू सिंह के पास 20 लाख रुपया एवं मुकेश कुमार यादव के पास 15 लाख सूचक के पति का बकाया था। जो देने में आनाकानी कर रहे थे ।उसी पैसे के कारण मेरे पति का उक्त दोनों व्यक्तियों ने षड्यंत्र रच कर हत्या कर दिए हैं ।इस घटना के बाबत पुलिस ने धारा 302, 201, 120 बी और 34 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज दर्ज किया। धारा 302 में आ. जीवन कारावास ,धारा 201 में 7 साल की सजा, 120 बी में 7 साल की सजा और 5 हजार रूपये का जुर्माना लगाया गया है। तीनों धाराएं की सजा साथ- साथ चलेगी ।इसकी सूचना लोक अभियोजक श्री लाल बिहारी मंडल ने दी।

## फैमिली भोजनालय होटल को विधिवत फीता काटकर किया गया उद्धघाटन

**अपेम लाइव : प्रतापपुर**
**कुमार चंदन**



प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित डगबंग्ला के समीप बुधवार को फैमिली भोजनालय को विधिवत पूजा अर्चना व फीता काटकर उद्धघाटन किया गया। ये होटल संयुक्त रूप से प्रतापपुर जिला परिषद भाग-1 संतोष कुमार राणा, जिला परिषद भाग-2 भोला प्रसाद व पुलिस निरीक्षक रंजीत रौशन ने किया। होटल संचालक डॉक्टर पीके शर्मा ने बताया कि हमारे होटल में सभी प्रकार के उत्तम भोजन उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि ख़ास करके मैंने इस होटल का उदघाटन इसलिए किया हुँ। क्योंकि बगल में अस्पताल है और यहाँ को लोगो को उत्तम भोजन व चाय नाश्ता नही मिल पाता था इसी को देखते हुए इसे उद्धघाटन किया हुँ। उन्होंने ये भी बताया कि एक किलोमीटर तक कि होम डिलीवरी के भी सुविधा उपलब्ध हैं। उद्धघाटन समारोह में मौके पर उप. स्थित डॉक्टर संतोष कुमार, बीरेंद्र यादव, राजू कुमार यादव, रवि कुमार, मुकेश सिंह, विकास सिंह, राजू कुमार, के साथ साथ अन्य कई लोग शामिल थे।

APEM LIVE